प्रति,

मानिनीय मुख्यमंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर।

माध्यम : जिला कलेक्टर, जशपुर

विषय : मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पत्रकारों को करोड़ों की मानहानि नोटिस एवं आत्महत्या में फँसाने की धमकी देकर लोकतंत्र पर हमला – दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पत्रकारों के साथ घोर अन्याय और लोकतंत्र पर सीधा हमला हुआ है।

1. जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक नूतन सिदार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी की शिकायत का दुरुपयोग कर पत्रकारों को एक-एक करोड़ रुपये के मानहानि नोटिस भेजे।
2. पत्रकारों को फोन पर आत्महत्या में फँसाने की धमकी दी गई, जो न केवल घोर आपराधिक कृत्य है बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला भी है।
3. शासकीय ग्रुप का निजीकरण कर पत्रकारों का अपमान किया गया। इस दौरान कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास भी मौजूद थे, फिर भी प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी।
4. यह पूरा घटनाक्रम जनसंपर्क विभाग और उसके शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।
5. पत्रकार को अपराधी शब्द लिख कर सम्बोधित किया।

हमारी माँगें :

1. सहायक संचालक नूतन सिदार के विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर सेवा से बर्खास्तगी की जाए।
2. विभागीय सर्वोच्च अधिकारी जनसंपर्क आयुक्त इस शर्मनाक प्रकरण के लिए सार्वजनिक माफीनामा जारी करें।
3. चुंकि विभाग माननीय मुख्यमंत्री जी का है और संवाद प्रमुख डो रवि मितल के कंधों पर उनकी छवि को सुधारने का दायित्व प्रमुख रूप से दिया गया है विभाग के एक अधिकारी के द्वारा पत्रकारों को फसाने की साजिश की जा रही है इसलिए सार्वजनिक रूप से संवाद प्रमुख को माफीनाम देना होगा ।।
4. इस प्रकरण की विशेष उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कराई जाए ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।
5. यह घटनाक्रम सिविल सेवा आचरण नियम 1964 एवं 1965 का खुला उल्लंघन है। अतः इस आधार पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

कार्यालय कलेक्टर,
प्रेषित दि० 10/09/25
हस्ताक्षर.......
आवक शाखा
जशपुर (छ.ग.)

जशपुर का यह प्रकरण केवल एक जिले का मामला नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और पत्रकारिता की स्वतंत्रता के लिए खतरे की घंटी है। यदि शासन-प्रशासन द्वारा त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं की जाती है, तो यह संदेश जाएगा कि सरकार पत्रकारों की कलम तोड़ने की मुहिम चला रही है।

अतः निवेदन है कि उपरोक्त माँगों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए।

भवदीय,
संयुक्त पत्रकार संघ
जशपुर, छत्तीसगढ़